2/11/2022

संधि

संधि का शाब्दिक अर्थ :- योग अथवा मेल। अर्थात दो ध्वनियो या दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार को संधि कहते हैं।

परिभाषा :- जब दो वर्ण पास-पास आते तो उनमें विकार उत्पन्न होता है। यह विकार युक्त मेल ही संधि कहलाता है।

कामताप्रसाद गुरू के अनुसार :- "दो निर्दिष्ट अक्षरो के आस-पास होने के कारण उनके मेल से जो विकार होता है, उसे संधि कहते है।"

संधि विच्छेद :- सन्धि करते समय जिन व्याकरण नियमों का पालन किया जाता है, उन्ही नियमो को ध्यान में रखकर संधि युक्त शब्दो को अलग-अलग करके लिखा जाता है, तो उसे 'सन्धि-विच्छेद' कहते है।

जैसे - विद्यार्थी = विद्या + अर्थी

विद्यालय = विद्या + आलय

2/11/2022

पाठ - 13

जहाँ पहिया है

जंजीरें

उत्तर ① लेखक जंजीरो द्वारा महिलाओं के लिए चली आ रही रूढ़िवादी प्रथाओं की ओर ईशारा किया गया है।

उत्तर ② जंजीरो से बंधकर कोई भी ज्यादा दिन तक नही रह सकता सभी अपनी व्यक्तिगत आजादी चाहिए होती है। और इस आजादी को पाने के लिए इंसान कोई न कोई रास्ता खोज ही निकालता है। ऐसा ही कुछ पुडुकोटई की महिलाओं ने किया। वहाँ की महिलाओ ने अपनी आजादी और आत्मनिर्भरता के लिए साइकिल चलाना आरम्भ किया।

शीर्षक की बात

उत्तर-① क्यों कि पहिए को गतिशीलता का प्रतीक माना गया है, इस पाठ मे साइकिल द्वारा महिलाओं के जीवन में परिवर्तन और गतिशीलता आई इसलिए यह शीर्षक रखा गया।

उत्तर ② शीर्षक :-

(i) 'पहिए ने बदली दुनिया' :— साइकिल में पहिया होता है और साइकिल से महिलाओ में आत्मविश्वास आया।

(ii) 'सस्ती साइकिल बडे काम की" :— साइकिल खरीदने में कम खर्चा होता है जिससे महिलाओं और उनके परिवारो पर आर्थिक बोझ नही बढता है।